केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय)
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीदजीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली– 110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016
दूरभाष /Tel-26858570, फैक्स/FAX-26514179, वैबसाइट www.kvsangathan.nic.in

F. 11055-1/2016-KVS(HQ)/RPS/LDE/शैक्षणिक/ दिनांक: 24-04-2018

TOP PRIORITY/ MOST URGENT

उपायुक्त/ निदेशक,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय/ ZIETs ।

विषय: के.वि.सं. के विभिन्न शैक्षणिक पदों हेतु सीमित विभागीय परीक्षा (LDCE)-2018 के संदर्भ में ।

महोदया/ महोदय,

उक्त विषय पर इस कार्यालय की समसंख्यक पत्र दिनांकित 18-04-2018 के तारतम्य मे सूचित किया जाता है कि सीमित विभागीय परीक्षा (शैक्षणिक)–2018 हेतु उपलब्ध कराये गए वैब पोर्टल (Web Portal) पर कुछ पात्र शिक्षकों के विवरण प्रदर्शित न होने के कारण LDE हेतु उनके आवेदनों का अद्यतन/पुष्टि संबन्धित प्राचार्यों/ निदेशक (ZIETs) द्वारा न किए जा सकने की समस्या के उन्मूलन हेतु उपायुक्तों/ से दिनांक 20-04-2018 तक EXCEL Format मे संकलित विवरण मुख्यालय स्तर पर संकलित करके परीक्षा अभिकरण को उपलब्ध करा दिये गए हैं एवं उनके विवरण अपडेट कर दिए गए हैं ।

किन्तु अभी भी कुछ पात्र शिक्षकों के विवरण वैब पोर्टल (Web Portal) पर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं या त्रुटि पूर्ण हैं ।

अतः आप से पुनः अनुरोध है कि अविलंब विशेष प्रयास कर, किसी भी प्रकार कि त्रुटि कि संभावना को समाप्त करते हुए, अपने अधीनस्थ विद्यालयों के प्राचार्यों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित कर उन समस्त पात्र शिक्षकों <u>जिनके विवरण LDE PORTAL पर अभी भी प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं</u>, के संकलित विवरणो की SOFTCOPY <u>निम्न EXCEL संरूप (Headings & Columns) को अपरिवर्तित करते हुए</u> इस दूसरे व अंतिम प्रयास मे दिनाक 25-04-2018 सायं 02-00 बजे तक KVS (HQ) को <u>kvslderecruitment@gmail.com</u> पर ईमेल से उपलब्ध करना <u>सुनिश्चित करें</u>।

Excel Format for providing Final Data of the Eligible Teachers, who are not able to apply due to Non-Availability of their Data in CBSE Portal for LDE (T) 2018.

Sl. No.	Employee Code	Empl**o**yee Name	Designation	Subject	School Code as alloted by CBSE	NAME OF K.V./ KVS ZIET	KVS (RO/ ZIET)
1							
2							

यह भी सुनिश्चित करें कि इस स्तर पर आवश्यक कार्रवाई हेतु विद्यालयों से प्राप्त इस प्रकार कि सूचनाओं के लिए उच्चस्तर की सत्यता/ शुद्धता बनाये रखने के उद्देश्य से संकलित सूचनाएँ केवल आपके माध्यम से ही KVS (HQ) को प्राप्त हों, क्योंकि अन्य सोत्रों से प्राप्त विवरणो पर विचार नहीं किया जाएगा । इस अंतिम प्रयास के बाद प्राप्त होने वाले प्रतिभागी शिक्षकों के विवरणों मे किसी भी प्रकार का परिवर्धन व विलोप संभव नहीं होगा । इस संबंध में विद्यालय स्तर से सीधे के॰वि॰सं॰ (मुख्यालय) को प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। **यदि चाही गई सूचना पूर्व में ही प्रस्तुत कर दी गई है, तो भी शून्य रिपोर्ट प्रस्तुत करें।**

भवदीया,
24/4/18
(डा॰ श्रीमती वी॰ विजयलक्ष्मी)
संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)

<u>प्रतिलिपि</u>: प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय, मास्को/ तेहरान/ काठमांडू को आवश्यक कार्रवाई हेतु।

संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)